# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 19 दिसम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 311 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## हंगामे के बीच 'वीबी जी राम जी' बिल लोकसभा से हो गया पास

● विपक्ष ने कागज फाड़े, शिवराज बोले-चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल यानी वीबी जी राम जी पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने लोकसभा में जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष बिल के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए और कागज फेंके। हंगामे के बीच बिल ध्वनिमत से पास हो गया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मनरेगा का नाम पहले पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया। वो तो पहले नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तब चुनाव और वोट के कारण महात्मा गांधी याद आए। बापू याद आए। तब उसमें जोड़ा गया महात्मा गांधी। इससे पहले विपक्ष ने इस बिल के विरोध में संसद परिसर में मार्च निकाला। इसमें विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया और वीबी जी राम जी बिल वापस लेने के नारे लगाए। बुधवार को लोकसभा में वीबी जी राम जी बिल पर 14 घंटे चर्चा हुई। कार्यवाही देर रात 1.35 बजे तक चली। इसमें 98 सांसदों ने हिस्सा लिया। विपक्ष ने मांग की कि प्रस्तावित कानून को स्टैंडिंग कमेटी के पास भेजा जाए। यह 20 साल पुराना है।



● **विपक्ष के हंगामे पर शिवराज चौहान ने याद दिलाई गांधीगीरी**–विपक्ष के हंगामे को लेकर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस तरह जो आप बिल फाड़कर फेंक रहे हैं, वह महात्मा गांधी की अहिंसा की नीति के खिलाफ है। कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि यह विधेयक तो मनरेगा स्कीम को ही खत्म करने की साजिश है। विपक्षी सांसदों की ओर से बिल की कॉपी फाड़कर फेंके जाने पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने आपत्ति जताई।

## दिल्ली में भारी सख्ती, जगह जगह गाड़ियों की चेकिंग

### सिर्फ बीएस-6 इंजन गाड़ियों को मिल पाएगी एंट्री

### पॉल्यूशन सर्टिफिकेट के बिना पेट्रोल-डीजल नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए बुधवार-गुरुवार रात 12 बजे से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का चौथा फेज लागू हो गया है। इसके तहत कई सख्त नियम लगाए गए है। दिल्ली में आज से सिर्फ बीएस-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिल रही है। इससे कम मानक वाले, दिल्ली के बाहर की गाड़ियों को शहर में आने नहीं दिया जा रहा है। इस फैसले से दिल्ली में बाहर से रोजाना आने-जाने वाली 12 लाख गाडियों पर असर पड़ा है। नोएडा से 4 लाख से ज्यादा, गुरुग्राम से 2 लाख और गाजियाबाद से 5.5 लाख वाहनों को दिल्ली में आने से बैन कर दिया गया है। दिल्ली में 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम भी लागू हो गया है। सर्टिफिकेट के बिना गाड़ियों को पेट्रोल, डीजल या सीएनजी नहीं दिया जा रहा है।



## मोबाइल फॉरेसिंक वैन से अपराध अनुसंधान तकनीकी होगी सुदृढ़

● मुख्यमंत्री ने मोबाइल फॉरेंसिक वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में अपराध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक विवेचना की क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई मोबाइल फॉरेंसिक वैनों को पुलिस मुख्यालय भोपाल से झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल फॉरेंसिक वैन मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में सीन ऑफ क्राइम के इनवेस्टीगेशन में अत्याधिक कारगर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में पुलिस विभाग द्वारा की गई यह पहल फॉरेंसिक-आधारित, त्वरित और सटीक विवेचना को बढ़ावा देगी, जिससे अपराधों के शीघ्र खुलासे, दोषसिद्धि दर में वृद्धि और नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और सुदृढ़ होगा। मध्यप्रदेश पुलिस को कुल 57 मोबाईल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनकी लागत 36 करोड़ 94 लाख 17 हजार 969 रुपए है। राशि केंद्र सरकार द्वारा प्रदाय की गई है। इनमें से 14 मोबाईल फॉरेंसिक वैन 16 दिसंबर 2025 को प्राप्त हुई है, जिन्हें रवाना किया गया है। शेष मोबाईल फॉरेंसिक वैन भी शीघ्र ही जिलों को उपलब्ध कराई जाएंगी। मोबाइल फॉरेंसिक वैन अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं, जिनमें स्टीरियो माइक्रोस्कोप, वेइंग बैलेंस, डीएसएलआर कैमरा, मिनी फ्रिज, एलईडी टीवी स्क्रीन, थर्मल प्रिंटर, बॉडी-वॉर्न कैमरा सहित आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, वैनों में जांच किट, अपराध स्थल सुरक्षा किट, फिंगर प्रिंट, रक्त व बाल पहचान, हाई-इंटेंसिटी फॉरेंसिक लाइट सोर्स, पैर व टायर निशान, आगजनी, साक्ष्य पैकिंग, बुलेट होल, गनशॉट अवशेष, नशीले पदार्थ, विस्फोटक पहचान तथा डीएनए कलेक्शन एवं चेन ऑफ कस्टडी से संबंधित किट भी उपलब्ध हैं।

### नक्सलवाद फिर से अंकुरित न हो ऐसी गतिविधियां संचालित करें

नक्सलवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में विकास और जनकल्याण की गतिविधियां इस प्रकार संचालित की जाएं, ताकि नक्सलवाद पुन: अंकुरित ना हो। ये बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में कही। वे डिसेमिनेशन ऑफ आउटकम्स विषय पर आयोजित स्टेट लेवल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने पीएचक्यू पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री के पुलिस मुख्यालय आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। डॉ. यादव ने सलामी गार्ड का निरीक्षण भी किया। इसके बाद मध्यप्रदेश में अपराध अनुसंधान को तकनीकी मजबूती देने के लिए तैयार की गई मोबाइल फॉरेंसिक वैन का फ्लैग-ऑफ किया। इससे प्रदेश में अपराध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन और वैज्ञानिक विवेचना की क्षमता को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। वहीं नक्सलवाद के खात्मे पर बधाई देते हुए कहा कि विधानसभा के विशेष सत्र में पुलिस फोर्स की सराहना हुई है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रायपुर में नवंबर 2025 में हुए डीजी-आईजी के अखिल भारतीय सम्मेलन में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मकवाना ने आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण, महिला सुरक्षा, पुलिस थाना परिसरों के पुनर्विकास, सिंहस्थ 2028 और साइबर इनीशिएटिव्स, पुलिसिंग में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग सहित अन्य मुद्‌दों की जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित हैं।

## भारतीय संस्कृति का मूल आधार है-योग

प्रागैतिहासिक काल से आज तक योग की पद्धति में नित नए आविष्कार नए परिवर्तन और समस्त मानव जाति के उत्थान के लिए कार्य हुआ है परंतु योग का हमारी भारतीय संस्कृति से क्या 'संबंध है, सहजयोग की फाउंडर श्री माताजी निर्मला देवी जी ने योग और भारतीय संस्कृति के विषय पर व्यापक चर्चा की है। अगर यह जानना चाहें तो पाते हैं कि भारतीय संस्कृति का मूल आधार जो शांति का पोषण करता है वह योग की देन है कारण कि जिस विश्व शांति का उद्घोषक भारत रहा है उसे भारतीयों ने बाहर नहीं अपने भीतर खोजा था। शांति की खोज पहले भीतर हुई और फिर वह बाहर फैला। यही परंपरा भारत में योग के द्वारा स्थापित है। प्रथम शरीर, मन, बुद्धि से होते हुए आत्मा तक पहुंचकर आत्मिक शांति की खोज की जाती है और तब मनुष्य विश्व शांति की बात कर सकता है। आक्रोशित आवेशित व्यक्ति की प्रतिक्रिया बढ़ती है। उसका उन पर नियंत्रण नहीं रह सकता। ऐसा व्यक्ति विश्व शांति की बात करने का अधिकारी ही नहीं है। शांति का दूत वही बन सकता है जो जोड़ने की बात करे, एकात्मता की बात



करे। इस प्रकार योग भारतीय संस्कृति में भीतर तक रचता बसता है, करुणा भारतीय संस्कृति का श्रृंगार है, यह समर्पण सिखाती है, यह अहंकार प्रति अहंकार भावनाओं के द्वंद से लड़ना सिखाती है इसमें माधुर्य का बड़ा महत्व है। यहीं आचरण की बात आती है कि यदि हमारा आचरण और व्यवहार मधुर और शांतिपूर्ण होगा तभी हम विश्वशांति के उद्घोषक हो सकेंगे ज्ञान को पाकर मस्तिष्क अहंकारी हो जाता है, प्रगल्भ मस्तिष्क बाहरी खोज के कारण अहंकार से भर जाता है। इसी मस्तिष्क की प्रगल्भता को, मस्तिष्क की गहनता को यदि बाहर से भीतर की ओर उन्मुख कर दें तो यह योग के आत्म साक्षात्कार की जीवंत घटना को प्रकट करती है। इसे ही सहज योग बड़ी सरलता से घटित करता है जिसमें श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा मानव जाति को सामूहिक आत्म साक्षात्कार देने की पद्धति अविष्कृत की गई है। सहज योग छोटी-छोटी प्रार्थना उसे मानव मन को बुद्धि की प्रगल्भता से हटाकर करुण और मधुर बनाकर आत्मा की ओर उन्मुख कर देता है।

# ग्राम जामली में भाजपा जिला उपाध्यक्ष का भव्य स्वागत

भारतीय जनता पार्टी इंदौर जिला ग्रामीण की जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर श्रीमती लीला संतोष जी पाटीदार का ग्राम जामली में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदीश जी पाटिल, गणेश जी झंडा वाले, दिनेश जी पाटीदार, गोपाल जी पाटीदार, मनमोहन शर्मा, राजेश जी पाटीदार, सचिन जी पाटिल, विनय जी सेठ, बलराम जी झंडा वाले (पलासिया) सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



सभी ने श्रीमती लीला संतोष जी पाटीदार के नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत करने की अपेक्षा जताई।

## डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल चैंपियनशिप

महू मे महाराणा प्रताप मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल चैंपियनशिप के तहत आज रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इंदौर जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित इस स्पर्धा में तीसरे दिन दो मुकाबले खेले गए। स्पर्धा के तीसरे दिन का पहला मुकाबला लक्की रेलिंग फुटबॉल क्लब और बिजलपुर टीम के बीच खेला गया। कड़े संघर्ष वाले इस मैच में बिजलपुर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लक्की रेलिंग फुटबॉल क्लब को 2-1 से पराजित किया।इसके बाद दूसरा मुकाबला सेवन स्ट्राइकर फुटबॉल क्लब, महू गांव महू और राज फुटबॉल क्लब, महू के बीच खेला गया। इस मैच में दोनों ही टीमों के युवा खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया, लेकिन सेवन स्ट्राइकर फुटबॉल क्लब का पलड़ा भारी रहा। सेवन स्ट्राइकर फुटबॉल क्लब की ओर से वैभव ने 1 गोल, आयुष ने 2 गोल और साहिल ने 1 गोल कर टीम को 4-0 की शानदार जीत दिलाई। इस जीत के साथ सेवन स्ट्राइकर फुटबॉल क्लब ने स्पर्धा के अगले दौर में प्रवेश किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सेवन स्ट्राइकर के आयुष को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज के मुकाबलों में मुख्य अतिथि के रूप में भेरूलाल पाटीदार मंडल के मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार, कमल जी, सचिन पाटीदार एवं सरपंच रवि जी उपस्थित रहे।

# दूध समृद्धि संपर्क अभियान-किसानों के द्वार पहुंचेगा पशुपालन विभाग



महू पशुपालन विभाग महू द्वारा "दूध समृद्धि संपर्क अभियान" प्रारंभ किया गया है, यह अभियान प्रदेश में 17 दिसम्बर से चालु है,जिसके अंतर्गत विभाग के अधिकारी एवं क्षेत्रीय पशुचिकित्सक किसानों के घर-घर पहुँचकर पशुओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं प्रजनन संबंधी जानकारी देंगे। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन की तकनीकों से जोड़ना और उन्हें अधिक लाभकारी पशुपालन की दिशा में प्रेरित करना है महू ब्लॉक के अंतर्गत कुल 149 गाँवों को इस अभियान में शामिल किया गया है। इन गाँवों में कुल 2,297 पशुपालक किसान एवं करीब 15,737 पशु सम्मिलित हैं। अभियान के दौरान किसानों को पशुओं में रोग-निवारण, टीकाकरण, संतुलित आहार, कृत्रिम गर्भाधान, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की विधियों तथा स्वच्छ दुग्ध प्राप्ति के उपायों के बारे में बताया जा रहा है विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदेश कुमार ने बताया कि इस अभियान से किसान न केवल अपने पशुओं को स्वस्थ रख सकेंगे बल्कि दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि कर अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विभाग का यह प्रयास है कि पशुपालन को एक स्थायी और लाभदायक व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए।

# शिवाजी पब्लिक एवं बचपन इंटरनेशनल स्कूल में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत, छात्रों को समझाए यातायात नियम



## दिव्यानंद अर्गल

**मालनपुर :- मालनपुर क्षेत्र के समीप संचालित शिवाजी पब्लिक एवं बचपन इंटरनेशनल स्कूल में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक स्पेशल असेंबली का आयोजन किया, जहां उन्होंने सड़क और यातायात सुरक्षा के महत्व को समझते हुए जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान यातायात सुरक्षा से संबंधित कई रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गईं।**

इनमें विशेष रूप से क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, और भाषण प्रतियोगिता शामिल थीं। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग बनाना था। दोनों ही विद्यालयों में अलग-अलग समय में हुए कार्यक्रमों में पहुंचे विद्यालय संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने सभी विद्यार्थियों को उत्साहित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, "सड़क



सुरक्षा का ज्ञान और जागरूकता हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, और यह हमारी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। सभी को यातायात नियमों, संकेतों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानना जरूरी है ।उन्होंने बच्चों में न केवल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें सुरक्षित यातायात के महत्व को भी समझाया। स्कूल संचालक ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के सहयोग को सराहा इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व क्षेत्र के पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# मॉडल स्कूल सरदारपुर में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा कडी मेहनत और लगन से अपनी सफलता प्राप्त करे विद्यार्थी

दिलीप पाटीदार






शासकीय मॉडल स्कूल सरदारपुर में गुरूवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि क्षैत्रीय विधायक प्रताप ग्रेवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री राकेश पटेल, मण्डल अध्यक्ष उंकारलाल जाट, वरिष्ठ पार्षद संजय जायसवाल एवं पार्षद नीरज कटारे उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मॉं सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम को विधिवत शुभारंभ किया गया एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि सफलता एक ऐसा स्वाद है जिसे हर कोई चखना चाहता है सफलता एक ऐसा ख्वाब है जिसे हर कोई देखना चाहता है सफलता एक ऐसी मंजिल है जिसे हर कोई पाना चाहता है हमारे जीवन के हर मोड़ पर परेशानियां आती है मुसीबतें आती है रुकावट आती है अड़चनें आती है लेकिन उससे कभी घबराना नहीं चाहिए समस्याओं के सामने हमें कभी अपनी हार नहीं मानना चाहिए। सफलता एक ऐसी तिजोरी है जो निरंतर अभ्यास, कड़ी मेहनत, लगन, साहस की चाबी से खुलती है आप सभी कडी मेहनत और लगन से अपनी सफलता प्राप्त करे। विद्यालय मे पानी की समस्या के लिए विधायक ग्रेवाल द्वारा मार्च माह मे नवीन ट्युबवेल खनन करवाने की बात कही। प्राचार्य कामेश सतपुड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएं तथा रस्साकशी (टग ऑफ वॉर) जैसे अनेक खेल आयोजित किए जाएंगे, जिनमें छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लेंगे। छात्र-छात्रों में प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिल रही है। कार्यक्रम का संचालन शिवानी नामेदव ने किया, आभार सुरेन्द्र सांखला ने व्यक्त किया। इस दौरान जितेन्द्र रावत, सुरेन्द्र टेगोर, सुनीता बेले सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।




शिवपुरी- पुलिस थाना दिनारा द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिये कार्यवाही करते हुये अपराध कारित करने की नियत से अवैध हथियार 315 बोर का कट्टा मय 02 जिन्दा लिये घूम रहे आरोपी राहुल यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।




थाना भौंती के अप क्रं. 276/25 धारा 34(2) आवकारी एक्ट मे चार महीने से फरार आरोपी को नंदराम लोधी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया।

## स्कूलों की छुट्टी होने के समय मडराने बाले मनचलों एवं आसामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिये शिवपुरी पुलिस की तैयारी



शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक द्वारा स्कूलों के आसपास छात्राओं के साथ छेड़छाड़ एवं परेशान करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु स्कूलों के पास चैकिंग स्कॉट को किया तैनात। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर अनेक अभियान चलाये जा रहे हैं, जिससे तहत महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिये पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। आमतौर पर देखने मे आता है कि जब स्कूलों की छुट्टी होने का समय होता है तो कई मनचले एवं आपराधिक तत्व स्कूलों के आसपास एकत्रित हो जाते हैं एवं स्कूल से निकलने वाली बालिकाओं को परेशान/छेड़छाड़ आदि घटनाओं को अंजाम देते हैं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा कन्या विद्यालयों के बाहर छात्राओं को परेशान/छेड़छाड़ जैसी होने बाली समस्याओं को संज्ञान में लेकर प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस चैकिंग स्कॉट का गठन किया गया है, जो स्कूलों के आसपास मनचलों, असामाजिक तत्वों के खिलाफ तुरंत एक्शन लेकर बड़ी घटना को होने से रोकने मे कारगर साबित होगी।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा उप पुलिस अधीक्षक (आजाक) अवनीत शर्मा के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर पुरानी शिवपुरी पर थाना देहात से उनि योगेन्द्र सिंह सेंगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या कोर्ट रोड पर थाना कोतवाली से उनि आदित्य प्रताप सिंह, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सदर बाजार पर थाना कोतवाली से उनि शिखा तिवारी, शासकीय हाई स्कूल फिजीकल कॉलोनी पर सउनि सुमित सिंह सेंगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रामांक-01 पर थाना कोतवाली से उनि हरिशंकर शर्मा, सांदिपनी विद्यालय शिवपुरी पर महिला थाने से उनि प्रियंका पाराशर को मय पुलिस बल के प्रतिदिन चैकिंग स्कॉट हेतु आदेशित किया गया है, जो दिये गये स्कूलों के आसपास मनचलों एवं संदिग्धों को समझाइस व कार्यवाही करेंगे। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेन्टर, प्रमुख बाजार, धार्मिक स्थलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिये समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं, जिसके तहत पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये शैक्षणिक

# दो वर्षों की उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री

## 300 करोड़ रुपए से बनेगा अभियंताओं का प्रशिक्षण केंद्र, पर्यावरणीय अनुमति के अभाव में अटकी योजनाओं का आंकड़ा नहीं दे पाए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार में मंत्रियों द्वारा अपने-अपने विभागों के दो वर्षों के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने आज मीडिया के समक्ष अपने विभाग का दो साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से बात की। मंत्री राकेश सिंह ने स्वीकार किया कि राज्य में लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के लिए अब तक नियमित और संगठित प्रशिक्षण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं थी। अभियंताओं को प्रशिक्षण के लिए प्रदेश से बाहर जाना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों दोनों की हानि होती थी। इस कमी को दूर करने के लिए अब प्रदेश में ही एक आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण पर लगभग 300 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। यह केंद्र भविष्य में अभियंताओं की दक्षता बढ़ाने और विभागीय कार्यों की गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाएगा। पर्यावरणीय अनुमति के कारण अटकी परियोजनाओं के सवाल पर मंत्री राकेश सिंह स्पष्ट



आंकड़ा नहीं दे पाए। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में सड़क या अन्य निर्माण कार्य प्रस्तावित होने पर वन विभाग की ओर से आपत्तियां आती हैं, जिसके चलते कई बार परियोजनाएं विलंबित हो जाती हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार की कोशिश रहती है कि पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचे और जहां आवश्यक हो वहां भरपाई के उपाय किए जाएं। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि इस समय वह यह नहीं बता सकते कि पर्यावरणीय अनुमति न मिलने से कुल कितनी योजनाएं प्रभावित हुई हैं, लेकिन बाद में इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री राकेश सिंह ने खराब सड़कों के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों की हालत खराब है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जा रहा है। साथ ही भविष्य में सड़कों की गुणवत्ता खराब न हो, इसके लिए विभागीय स्तर पर ठोस तैयारी और निगरानी व्यवस्था की जा रही है। उनका कहना था कि सरकार का उद्देश्य केवल निर्माण करना नहीं, बल्कि टिकाऊ और सुरक्षित सड़कें जनता को उपलब्ध कराना है। कुल मिलाकर, लोक निर्माण विभाग के दो साल के रिपोर्ट कार्ड में जहां कुछ नई योजनाओं और सुधारों की झलक दिखाई दी, वहीं पर्यावरणीय स्वीकृतियों से जुड़े लंबित मामलों को लेकर सवाल भी बने रहे, जिनका स्पष्ट जवाब आने वाले समय में दिए जाने की बात मंत्री ने कही।

# पुलिस की सतर्कता से सात महीने बाद लौटा अपहृत मासूम

**बीना।** क्षेत्र से अपहृत एक मासूम बच्चे के मिलने की खबर ने पूरे इलाके में राहत और भावुकता का माहौल पैदा कर दिया। पुलिस की सतर्कता और लगातार प्रयासों के चलते सात महीने पहले अगवा किया गया तीन साल का बच्चा सुरक्षित मिल गया, जिसे देर रात उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। अपने लाडले को वापस पाकर मां के चेहरे पर जो मुस्कान लौटी, वह महीनों के दर्द और आंसुओं की कहानी खुद बयां कर रही थी। जानकारी के अनुसार, नया बस स्टैंड क्षेत्र के सामने स्थित क्रिकेट मैदान के बाहर झोपड़ी बनाकर रहने वाले संजय बर्मन का तीन साल का बेटा 14 मई 2025 को अचानक लापता हो गया था। संजय बर्मन कबाड़ बीनने का काम करते हैं और बेहद सीमित साधनों में अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बच्चे के अचानक गायब हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। परिजनों ने आसपास के इलाकों में बच्चे की तलाश की, रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। मासूम के गायब होने के बाद मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। हर बीतता दिन परिवार की चिंता और पीड़ा को और बढ़ा रहा था। घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने इसे प्राथमिकता में लिया और हर संभावित दिशा में जांच आगे बढ़ाई। उप पुलिस अनुविभागीय अधिकारी नितेश पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी अनूप सिंह यादव की टीम ने आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय कबाड़ियों से पूछताछ की और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी।

# खाद की कतार में खड़े किसान की जान पर आई आफत, पुलिस आरक्षक की सूझबूझ से बची जिंदगी,




**गुना।** गुना जिले से मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की एक बेहद भावुक कर देने वाली घटना सामने आई है। रबी मौसम के दौरान खाद लेने के लिए लंबी कतार में खड़े एक किसान को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। किसान की हालत पल भर में गंभीर हो गई और वह जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद पुलिस आरक्षक ने बिना एक पल गंवाए साहस और समझदारी का परिचय दिया और तत्काल सीपीआर देकर किसान की जान बचा ली। यह घटना गुना जिले के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत नानाखेड़ी मंडी में स्थित डबल लॉक खाद वितरण केंद्र की बताई जा रही है। रबी फसलों के लिए उर्वरकों की बढ़ती मांग के चलते केंद्र पर बड़ी संख्या में किसान खाद लेने के लिए कतार में खड़े थे। इसी दौरान एक किसान को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और कुछ ही क्षणों में वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद किसानों में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मौके पर ड्यूटी पर तैनात कैंट थाने के पुलिस आरक्षक अभिनेष रघुवंशी तुरंत आगे आए। उन्होंने बिना किसी घबराहट के किसान को जमीन पर लिटाया और तत्काल सीपीआर देना शुरू कर दिया। आरक्षक की इस त्वरित और प्रशिक्षित कार्रवाई का असर कुछ ही पलों में दिखाई दिया और किसान को होश आने लगा। उसकी सांसें सामान्य होने लगीं, जिससे मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। आरक्षक अभिनेष रघुवंशी की सूझबूझ और प्रशिक्षण के कारण एक अनमोल जीवन बच सका। इसके बाद किसान को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई है। चिकित्सकों का कहना है कि समय पर सीपीआर मिल जाने के कारण किसान की जान बच पाई। इस पूरी घटना का वीडियो किसी मौजूद व्यक्ति ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोग पुलिस आरक्षक की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं और इसे मानवता और कर्तव्य का बेहतरीन उदाहरण बता रहे हैं। यह घटना साबित करती है कि सही समय पर लिया गया एक निर्णय और त्वरित कार्रवाई किसी की जिंदगी बचा सकती है।

# राजधानी में संदिग्ध गोमांस तस्करी का बड़ा मामला

## पुलिस मुख्यालय के पास पकड़ा गया 25 टन मांस से भरा ट्रक, जांच के बाद होगा खुलासा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक बार फिर संदिग्ध गोमांस तस्करी को लेकर सनसनी फैल गई है। देर रात पुलिस मुख्यालय के समीप उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भारी मात्रा में मांस से भरे एक ट्रक को रोक लिया। इस कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया और मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। जानकारी के अनुसार, बजरंग दल और हिंदू समिति के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में संदिग्ध मांस भरकर उसे भोपाल से मुंबई भेजा जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर कार्यकर्ताओं ने जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में पुलिस मुख्यालय के पास ट्रक को रोक लिया। बताया जा रहा



है कि यह इलाका अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र है। ट्रक का पंजीयन क्रमांक उत्तर प्रदेश 15 जे टी 4286 बताया गया है। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं का दावा है कि ट्रक में करीब 25 टन मांस भरा हुआ था। मांस को 5 से 10 किलोग्राम के पैकेटों में पैक किया गया था और उसे सुरक्षित रखने के लिए ट्रक में गहरे शीतकरण की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह मांस भोपाल के किसी वधशाला से लोड किया गया था और इसे मुंबई ले जाया जा रहा था। ट्रक को रोकने के बाद मौके पर काफी देर तक नारेबाजी और हंगामा चलता रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और उसमें भरे मांस के नमूने पशु चिकित्सालय भेज दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि मांस गोवंश का है या किसी अन्य पशु का। फिलहाल किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है और ट्रक चालक सहित अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। मांस कहां से लोड किया गया, इसे कहां ले जाया जा रहा था और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं, इन सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। यह घटना एक बार फिर भोपाल में गोवध और मांस तस्करी को लेकर चल रहे विवाद को सामने ले आई है। जांच रिपोर्ट के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन इस मामले ने राजधानी की कानून व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### भोपाल नगर निगम में सरिया घोटाले की परतें उजागर

# 240 मीटर की नाली में कागजों पर खपा दिया गया 16 टन लोहा, वरिष्ठ इंजीनियरों की भूमिका संदिग्ध

**भोपाल।** भोपाल में नगर निगम के भीतर एक बड़े सरिया घोटाले का मामला सामने आया है, जिसने निर्माण कार्यों की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि केवल 240 मीटर लंबी और करीब 3 फीट चौड़ी एक साधारण नाली के निर्माण कार्य में रिकॉर्ड में 16 टन से अधिक लोहा खपा दिया गया। यह सारा खेल कागजों पर ही दिखाया गया, जबकि वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग बताई जा रही है। यह पूरा मामला नगर निगम के वार्ड क्रमांक 53 अंतर्गत भेल संगम कॉलोनी का है, जहां एक छोटी नाली को केवल आरसीसी से ढंकने का कार्य किया गया था। निगम के दस्तावेजों के अनुसार, इस मामूली से काम में 16 हजार 139 किलोग्राम सरिया इस्तेमाल किया गया। निर्माण विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी कम लंबाई और चौड़ाई की नाली में इतनी भारी मात्रा में सरिया लगना तकनीकी रूप से भी संदेह के घेरे में आता है। सूत्रों के मुताबिक, इस कार्य में तैनात निगम इंजीनियरों ने बिना स्थल निरीक्षण किए ही करीब 13 लाख रुपए का भुगतान पास कराने की तैयारी कर ली थी। यह बात सामने आने के बाद नगर निगम के उच्च अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने तत्काल नाली की कोर कटिंग कराने के आदेश दिए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और यह पता चल सके कि वास्तव में कितना सरिया उपयोग में लिया गया है। इस पूरे प्रकरण में सहायक अभियंता निशांत तिवारी की भूमिका पहले से ही सवालों के घेरे में है, जिनके द्वारा रिकॉर्ड में सरिया की भारी खपत दर्ज की गई थी।



# इंदौर BRTS हटाने में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

## सुनवाई से बचते रहे अधिकारी, रैलिंग हटी लेकिन डिवाइडर अब भी नहीं, 12 जनवरी तक मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर बीआरटीएस हटाने का फरवरी 2025 से आदेश होने के बाद भी आज दिनांक तक पूरी तरह नहीं हटा है। इसी मामले को लेकर हाईकोर्ट ने इसे लेकर सख्त आदेश जारी करना शुरू कर दिए हैं। अधिकारियों को कोर्ट में लगातार तलब किया जा रहा है। एक दिसंबर की सुनवाई में 17 दिसंबर तक एक तरफ की रैलिंग हटाने और फिर सुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा, निगमायुक्त दिलीप यादव व डीसीपी ट्रैफिक आनंद कलादगी को पेश होने के लिए कहा गया था लेकिन अधिकारियों ने आवेदन लगाकर छूट ले ली। हाईकोर्ट ने नई तारीख अगले दिन 18 दिसंबर की लगा दी। लेकिन इसके लिए भी फिर एसआईआर (निर्वाचन) काम की व्यस्तता का बोलकर छूट लेने की बात कही गई। इस पर हाईकोर्ट सख्त हुआ और अधिकारियों को





दोपहर ढाई बजे उपस्थित होने के आदेश दिए गए। इसके बाद यह अधिकारी डबल बैंच के सामने पेश हुए। सुनवाई के दौरान कमेटी की रिपोर्ट आई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट द्वारा वकीलों की बनाई गई कमेटी की रिपोर्ट आई। इसमें यह तो कहा गया कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद रैलिंग हटाने का काम हुआ है, लेकिन अभी दूसरी ओर की नहीं हटी है। साथ ही जो पेंचवर्क हुआ है वह सही नहीं हुआ है और इससे सड़क अनईवन हो रही है। बस स्टॉप के पास सुरक्षा के मानक सही नहीं है। वहां सामान पड़ा हुआ है। इससे रास्ता ब्लाक हो रहा है और दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है।

हाईकोर्ट बेंच ने इस मामले में एक बार अधिकारियों से पूछा कि भोपाल में नौ दिन में बीआरटीएस हट गया था यहां इतनी देर क्यों हो रही है। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने कहा कि क्योंकि वह भोपाल था और यह इंदौर है। वहीं बागड़िया ने कहा कि रैलिंग एक ओर की हटी है लेकिन दूसरी ओर की नहीं हटी है। इसके चलते रास्ता एक और तो बहुत चौड़ा है वहीं दूसरी ओर तंग है। अभी तक बीच में डिवाइडर नहीं लगे हैं। सीमेंट ब्लाक की लागत बहुत ज्यादा, खत्म हो गए - इस पर जस्टिस ने कहा कि सीमेंट के ब्लाक लगा दिए जाएं, जैसे जीपीओ पर लगाए हैं।इस पर निगमायुक्त दिलीप यादव ने कहा कि इन ब्लाक की लागत बहुत ज्यादा आती है। एक किमी में करीब एक करोड़ होती है। जो अभी थे वह 500 मीटर में लगा दिए हैं। इस पर जस्टिस ने कहा कि जो रैलिंग निकाली है क्या उसका उपयोग कर बीच में डिवाइडर नहीं कर सकते हैं। इस पर कलेक्टर ने कहा कि जो टेंडर दिया है वह एजेंसी ही इस निकले माल को रखेगी और इसे ही बेचकर वह टेंडर की राशि भरेगी, इसलिए इनका उपयोग सही नहीं है। इस पर बागड़िया ने कहा कि रस्सी बांधकर या ट्रैफिक पुलिस के बैरिकेडिंग लगाकर व्यवस्था की जाए। इससे अधिकारियों ने एक्सीडेंट होने की आशंका जताई।

### अब 12 जनवरी को पेश होगी स्टेटस रिपोर्ट

सभी तर्क सुनने के बाद हाईकोर्ट बेंच ने कहा कि अधिकारी वकीलों की बनी कमेटी के साथ बैठक कर इसमें और क्या होना चाहिए इस पर बात करें। कमेटी से भी सुझाव लें। साथ ही 12 जनवरी को इस मामले में स्टेटस रिपोर्ट पेश करें। जो कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है उन समस्याओं को देखें और ठीक करें।

### हाईकोर्ट में बीती सुनवाई में यह हुआ था

हाईकोर्ट में बीती सुनवाई में भी यह मामला उठा था कि भोपाल का बीआरटीएस 9 दिन में हट गया था। लेकिन इंदौर में बीआरटीएस फरवरी से अबतक 10 महीने बाद भी नहीं हटा है। साथ ही कहा गया कि जब किसी मकान, तोड़फोड़ के लिए बुलडोजर चलाना होता है तो देरी नहीं होती है।

# आईआईएम इंदौर में खुलेगा प्रदेश का पहला युवा केंद्रित 'जेनरेशन जी डाकघर', 20 दिसंबर से मिलेंगी अत्याधुनिक डिजिटल सुविधाएं

## मीडियाकर्मियों के लिए भारतीय डाक विभाग हरसंभव मदद को तैयार





**इंदौर।** भारतीय परिवेश में डाक विभाग की जड़ें बहुत गहरी हैं। आम नागरिकों का विश्वास शुरू से ही डाकघर और डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं पर रहा है। बदलते दौर में आधुनिकता से कदमताल करता डाक विभाग इंदौर में आईआईएम संस्थान में जल्दी ही जेन-जी पोस्ट ऑफिस शुरू करने जा रहा है। यह बात पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र सुश्री प्रीति अग्रवाल ने कही। वे गुरुवार को इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित तीन दिवसीय डाक विभाग से संबंधित शिविर के शुभारंभ अवसर पर बोल रही थी। उन्होंने बताया कि जेन-जी पोस्ट ऑफिस का उद्देश्य युवाओं को डाक विभाग की बचत योजनाओं, बैंकिंग और बीमा योजनाओं से जोड़ना है। इस पोस्ट ऑफिस को एक कैफेटेरिया का रूप दिया गया है जिसमें डिजिटल माध्यम से युवा वर्ग सभी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। सुश्री अग्रवाल ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि मीडियाकर्मियों के लिए हमारा विभाग हरसंभव मदद करने को तैयार है। इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने प्रेस क्लब में आधार अपडेशन और डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए शिविर आयोजित करने पर सुश्री अग्रवाल और डाक विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर का मीडियाकर्मियों को अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, डाक विभाग के रीजनल मैनेजर अमित अग्रवाल, सहायक निदेशक दिनेश डोंगरे, राजेन्द्र व्यास, वरिष्ठ पोस्ट मास्टर श्रीनिवास जोशी, बीपीसी मैनेजर अशोक जखोड़े सहित डाक विभाग की टीम मौजूद थी। अतिथियों का स्वागत उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, प्रियंका पांडेय, सचिव अभिषेक चेंडके, कार्यकारिणी सदस्य मनीष मक्खर, अभय तिवारी, प्रमोद दीक्षित, श्याम कामले, पूनम शर्मा, विजय भट्ट ने किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव प्रदीप जोशी ने किया आभार कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी ने माना।

**आधार कार्ड में सुधार के लिए उमड़ी भीड़-** शिविर का सबसे बड़ा लाभ मीडियाकर्मियों एवं उनके परिजनों को आधार कार्ड सुधार के रूप में प्राप्त हुआ। आधार अपडेशन काउंटर पर पूरे दिन खासी भीड़ लगी रही। हालांकि आधार कार्ड अपडेशन का कार्य शुक्रवार और शनिवार को भी किया जाएगा। डाक विभाग की बीमा पॉलिसी योजना, सुकन्या बचत योजना सहित अन्य बचत योजनाओं के प्रति भी मीडियाकर्मियों भी उत्साह देखा गया।

# महिला पुलिसकर्मी को लगा सबसे बड़ा झटका, पति निकला क्रमिक बलात्कारी, शादी का झांसा देकर पांच युवतियों की जिंदगी की तबाह

**इंदौर।** भरोसे, रिश्ते और शादी के नाम पर रची गई एक खौफनाक साजिश का ऐसा खुलासा हुआ है, जिसने न केवल पीड़ित युवतियों को बल्कि पुलिस महकमे को भी झकझोर कर रख दिया है। मामला एक महिला पुलिसकर्मी से जुड़ा है, जिसे तब सच्चाई का पता चला जब न्यायालय से सूचना आई कि जिस व्यक्ति को वह अपना पति मानकर उसके साथ रह रही थी, उसे दुष्कर्म के एक मामले में दस साल की सजा सुनाई जा चुकी है। इसके बाद जो परतें खुलीं, उन्होंने सामने ला दिया कि आरोपी कोई साधारण अपराधी नहीं, बल्कि एक क्रमिक बलात्कारी है, जो शादी का झांसा देकर अब तक पांच युवतियों को अपना शिकार बना चुका है। जानकारी के अनुसार आरोपी मूल रूप से राजगढ़ जिले के ब्यावरा का निवासी है। इसी वर्ष मार्च महीने में पीड़िता की उससे एक वैवाहिक वेबसाइट के माध्यम से पहचान हुई थी। आरोपी ने खुद को खाद्य सुरक्षा अधिकारी बताया और यह भी दावा किया कि वह उसी समाज से संबंध रखता है। बातचीत का सिलसिला बढ़ा और वह युवती के घर आने-जाने लगा। सरकारी अधिकारी होने और समाज का होने की बात सुनकर पीड़िता के परिजन भी शादी के लिए सहमत हो गए। आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय बाद युवती गर्भवती हो गई, तब परिवार ने शादी के लिए दबाव बनाया। आरोपी ने यह कहकर समय टाल दिया कि उसके परिवार की सहमति अभी नहीं है, लेकिन वह शादी के लिए तैयार है। इसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को बुलाया और एक महंगे गार्डन में दोनों की शादी करवा दी गई। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी की तरह साथ रहने लगे। इसी दौरान आरोपी ने पदोन्नति के नाम पर घूस देने का बहाना बनाकर युवती से लाखों रुपये भी ऐंठ लिए। सब कुछ सामान्य चल रहा था, तभी 13 दिसंबर को अचानक युवती के पास जिला न्यायालय से फोन आया। फोन पर बताया गया कि आपके पति को दुष्कर्म के एक मामले में दस साल की सजा सुनाई गई है। यह सुनकर युवती के पैरों तले जमीन खिसक गई। घबराई युवती तुरंत न्यायालय पहुंची, जहां अधिकारियों ने जो जानकारी दी, उसने उसकी दुनिया ही उजाड़ दी। बताया गया कि जिस व्यक्ति के साथ वह पत्नी बनकर रह रही है, वह पहले भी इसी तरह पांच युवतियों को धोखे में रख चुका है। हीरानगर थाना क्षेत्र में दर्ज एक मामले में विशेष न्यायाधीश अनिता सिंह ने आरोपी को दस साल की सजा सुनाई है।

# मंत्री तुलसीराम सिलावट ने किया नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का स्वागत

इंदौर। भाजपा जिला इंदौर के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवानसिंह परमार, वरिष्ठ नेता गोपालसिंह चौधरी की उपस्थिति में अपने निवास पर डी-1 पर सभी पदाधिकारियों को पुष्पमाला व भगवा अंग वस्त्र पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। मंत्री सिलावट ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि विश्व की सबसे बड़े राजनैतिक दल में हमें पदाधिकारी के रूप में देश और समाज की सेवा करने का अवसर मिला है। इस अवसर को भुनाते हुए हम अपने अपने क्षेत्र में समाज और राष्ट्र की सेवा करते हुए पार्टी के विस्तार में जुटे। उन्होंने कहा कि आज पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा का नेतृत्व है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉक्टर



मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याण और विकास के नये आयाम रच रही है। पदाधिकारी उन कार्यों को जनता के बीच लेकर जाये। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता होने के नाते हमें दायित्व मिला है परिश्रम की पराकाष्ठा का निर्वाहन करते हुए दायित्व का बोध करें। पार्टी में 2.50 लाख प्राथमिक कार्यकर्ता है, जिले में 1600 सक्रिय कार्यकर्ता है उनमे से आपको पार्टी ने संगठन कार्य के लिए चुना है, इसलिए अपने अपने दायित्व का बोध हम सब को होना चाहिए। राष्ट्र प्रथम और संगठन सर्वोपरि के भाव से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में हमें सहभागी बनना है। इस अवसर पर अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार और गोपाल सिंह चौधरी ने भी संबोधित किया।

## गैस सिलेंडरों के क्रय-विक्रय, भण्डारण करने वालों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई


### ● अवैध रूप से संग्रहित बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर किये गये जप्त

इंदौर। सार्वजनिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अवैध रूप से गैस सिलेंडरों के क्रय-विक्रय, भण्डारण, परिवहन तथा उपयोग करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत आज सांवेर क्षेत्र में दो स्थानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संग्रहित बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर जप्त किये गये। जिले के ग्राम सोलसिंदा तहसील सांवेर में अवैधानिक रूप से एलपीजी गैस सिलेण्डरों के भंडारण की सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम सांवेर घनश्याम धनगर के मार्गदर्शन पर तसीलदार श्रीमती पूनम तोमर द्वारा मय पुलिस बल के जांच की गई। यहां ग्राम सोलसिंदा की भूमि सर्वे नम्बर 330/2/1 जो कि रियाजुलहसन पिता रईसउल हसन के खेत में निर्मित टीन शेड में घरेलू गैस के 22 एलपीजी सिलेंडर रखे हुए पाए गए। उक्त जांच में पाया गया कि जय श्री महाकाल गैस चुल्हा सेल्स एण्ड सर्विस के प्रोप्रायटर विनोद जायसवाल पिता मोहनलाल जायसवाल द्वारा उक्त गैस सिलेंडर का भंडारण किया गया है। प्रोपराइटर से उक्त गैस सिलेण्डर के स्टॉक के संबंध में सक्षम अनुमति मांगे जाने पर प्रोप्रायटर द्वारा सक्षम अनुमति/अनुज्ञा प्रस्तुत नहीं की गई। जिसके पश्चात सभी गैस सिलेण्डरों को जब्त कर इण्डेन एवं एचपी की टंकियों की गैस एजेंसी माँ तुलजा गैस एजेंसी धरमपुरी के सुपुर्द किया गया। साथ ही दुकान का औचक निरीक्षण भी किया गया जिसमें घरेलू गैस टंकी 27 एवं व्यवसायिक सिलेंडर 03 खाली पाई गई जिन्हें जप्त कर इण्डेन एवं एचपी की टंकियों की गैस एजेंसी माँ तुलजा गैस एजेंसी धरमपुरी के सुपुर्द किया गया।

## नन्ही अनिका की मदद के लिए इंदौर प्रेस क्लब ने बढ़ाया हाथ

● **मीडियाकर्मियों ने सहयोग दिया और शहरभर से मदद की लगाई गुहार**

इंदौर। ढाई वर्षीय नन्ही मासूम अनिका को यह इल्म भी नहीं कि उसे कितनी गंभीर दुर्लभ बीमारी लगी हुई है। उसकी जान की हिफाजत के लिए माता-पिता की रातों की नींद तक उड़ गई है। वह चंचल तो इठलाती सी, कभी हंसती, कभी जिद करती इधर-उधर मचलती रही। यह दृश्य गुरुवार को इंदौर प्रेस क्लब में जिसने भी देखा




उसका मन भर गया। उल्लेखनीय है कि नन्हीं अनिका दुर्लभ बीमारी एसएमए (स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी) टाइप-2 से जूझ रही है। इसकी मदद के लिए शहरवासियों ने हाथ तो बढ़ाए हैं, लेकिन बीमारी का इलाज का खर्च इतना ज्यादा है कि वह मदद ना काफी साबित हो रही है। लिहाजा इंदौर प्रेस क्लब ने अपने पत्रकारिता के साथ सामाजिक सरोकार निभाते हुए मदद का हाथ बढ़ाया। प्रेस क्लब में आयोजित अनौपचारिक कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों ने आर्थिक मदद प्रदान की। मदद की शुरुआत प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने की। बाद में अनेक मीडियाकर्मियों ने सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, महासचिव प्रदीप जोशी, उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, प्रियंका पांडेय, सचिव अभिषेक चेंडके, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य मनीष मक्खर, अभय तिवारी, प्रमोद दीक्षित, अंशुल मुकाती, श्याम कामले, विजय भट्ट, पूनम शर्मा ने संयुक्त अपील जारी करते हुए शहर की सामाजिक, व्यापारिक, औद्योगिक संगठनों एवं राजनैतिक दलों, समाजसेवियों, धार्मिक ट्रस्टों से अपील करते हुए कहा कि इंदौर इतिहास बनाने वाला शहर है। एक नन्हीं मासूम की जान बचाने के लिए सहभागी बनकर आर्थिक मदद के लिए आगे आएं।

## पेंशनर्स दिवस पर शासन से अपील की पेंशनरों को देय महंगाई राहत में भेदभाव ना हो

### बिजली कंपनियां पेंशनर्स को पुनः बिजली बिल सुविधा दे - राकेश डी पी पाठक

इंदौर। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने पेंशनर्स दिवस पर कहा कि संस्थान,उद्योग की प्रगति और समृद्धि के लिए अपने जीवन का अमूल्य समय, योगदान देने वाले होते हैं पेंशनर्स। शासन,प्रशासन और प्रबंधन को उनके सम्मान एवं समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ सकारात्मक सोच से निर्णय व कार्य करना चाहिए। राकेश डी पी पाठक ने राज्य सरकार और ऊर्जा विभाग से अपील करते हुए आग्रह किया है कि पेंशनरों को मंहगाई राहत नियमित कर्मियों के साथ ही एक समान रूप से देना चाहिए। नियमित कर्मचारियों के महंगाई भत्ता और पेंशनर्स को देए महंगाई राहत, परिवार पेंशन राहत में लम्बे समय से अंतर चला आ रहा है इसे खत्म करना चाहिए। बिजली कंपनियों में पेंशनर्स को पूर्व में मिल रही बिजली बिल में राहत सुविधा को पुनः प्रारंभ करना चाहिए। राकेश डी पी पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश पुनर्गठन 2000 की धारा 49 (6) का विलोपन किया जाएं जिससे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग सात से आठ लाख पेंशनरों को राज्य कर्मचारियों को देय तिथि से ही मंहगाई राहत का लाभ मिल सके। पाठक ने कहा कि राज्य के बटवारे की धारा 49(6)बर्ष 2000 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों पर लागू होती है किन्तु शासन के कुछ अधिकारियों के द्वारा इसकी गलत व्याख्या कर इसे 2000 के बाद सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों, पेंशनर्स पर भी



लागू कर दी गई थी। इस कारण आज 25 वर्षों से पेंशनर्स लगातार परेशान हो रहे हैं। उनके साथ इस धारा के नाम से लम्बे समय से भेद-भाव हों रहा है। महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव से आग्रह किया कि -

मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग के आधीन सभी बिजली कंपनियों के पेंशनर्स की पेंशन की सुरक्षा की गारंटी राज्य सरकार द्वारा ली जाना चाहिए।

पेंशनरों को 70,75,80,85,90,95, और 100 वर्ष के साथ ही क्रमशः 5 प्रतिशत,10 प्रतिशत, 15 प्रतिशत, 20 प्रतिशत, 30 प्रतिशत, 40 प्रतिशत, 40 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 100 प्रतिशत का अतरिक्त लाभ दिया जाए।

नई पेंशन योजना (एनपीएस) को खत्म किया जाए, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल किया जाए और सभी को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए।


महामंत्री राकेश पाठक ने कहा कि देश के सभी सेवा निवृत्त 65 बर्ष की आयु वाले पेंशनर्स को भी आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएं।

कम्यूटेशन कटौती की अवधि पर वर्तमान में चल रहे ब्याज दर अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए।


पाठक ने कहा कि इसके अलावा भी पेंशनर्स की अनेक मांगें, समस्याएं हैं किन्तु हमें पूरा विश्वास है कि सरकार और बिजली सेक्टर के अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा जी, एवं सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालक गणों जी द्वारा जल्द से जल्द संवेदनशीलता के साथ सकारात्मक से उचित कदम उठाया जाएगा, जिससे सम्माननीय पेंशनरों की मांगों, समस्याओं का समाधान हो सकेगा। पेंशनर्स दिवस पर फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक, वरिष्ठ नेता यू के पाठक, दिनेश दुबे, सीताराम कुरचानिया, अनूप वर्मा, के एन अग्निहोत्री,उमाशंकर दुबे, विमल महापात्र, अवनीश तिवारी,मोहन श्रीवास, एम पी तिवारी, राजेश मिश्रा, अजय चौबे,विनय पाठक,रवि चौबे,मोहित पटेल, योगेश पटेल, अक्षय श्रीवास्तव सहित फेडरेशन के सभी साथियों ने सम्माननीय सभी पेंशनर्स साथियों को बधाई देते हुए उनके सक्रिय जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

## सूरत में ऐतिहासिक उपलब्धि : डॉ. विश्वजीत विश्वास को डॉक्टर ऑफ तंत्र लिटरेचर एवं तंत्र-विज्ञानिक उत्कर्ष पुरस्कार

सूरत। गीता जयंती के अवसर पर सूरत में आयोजित द्वितीय विश्व वैदिक सम्मेलन के दौरान तंत्र शास्त्र के विश्वप्रसिद्ध विद्वान तंत्र शिरोमणि डॉ. विश्वजीत विश्वास को महर्षि वेदव्यास इंटरनेशनल वर्चुअल वैदिक यूनिवर्सिटी द्वारा पोस्ट-डॉक्टोरल उपाधि डॉक्टर ऑफ तंत्र लिटरेचर स्वर्ण पदक तथा तंत्र-विज्ञानिक उत्कर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान थाईलैंड की सुरिंद्रा राजभट यूनिवर्सिटी के डीन प्रोफेसर डॉ. भानुपुत्र मंगलानंद महाराज द्वारा प्रदान किया गया। चयन समिति ने कोस्टल डेमोनोलॉजी तथा दुर्लभ तंत्र ग्रंथों पर डॉ. विश्वास के वैज्ञानिक और मौलिक शोध को इस सम्मान का आधार बताया। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ वैदिक हिंदू यूनिवर्सिटीज के



अध्यक्ष डॉ. चक्रधर फ्रेंड वेदनिपुण के अनुसार, डॉ. विश्वास ने तंत्र शास्त्र को अंधविश्वास से निकालकर वैज्ञानिक और ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया है। डॉ. विश्वजीत विश्वास ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान उनके लिए नहीं, बल्कि प्राचीन भारतीय



तांत्रिक विद्या के सम्मान का प्रतीक है, जिसे वे वैश्विक मंच पर सही रूप में स्थापित करना चाहते हैं। 1 दिसंबर 2025 को आयोजित यह सम्मेलन भारतीय तंत्र विद्या को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने वाला महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध हुआ।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को वर्ष 2026-27 में प्रवेश हेतु विभिन्न जानकारियां दी जा रही

दिलीप पाटीदार

धार प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार में प्रवेश हेतु कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ एसएस बघेल एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आयशा खान, नोडल अधिकारी एईडीपी डॉ प्रभा सोनी के विशेष मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसमें शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय में जाकर छात्र-छात्राओं को मई जून वर्ष 2026-27 में प्रवेश हेतु विभिन्न जानकारियां दी जा रही है। जिसमें महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉक्टर निर्भय सिंह सोलंकी ने बताया कि महाविद्यालय में एक बड़ा खेल का मैदान, एक बड़ी लाइब्रेरी, साइंस विषय के लिए प्रयोगशाला, तीन बड़े गार्डन, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, एनसीसी कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, दी जाने वाली छात्रवृत्तियां, आवास योजना, स्मार्ट क्लासेस, बालक बालिका छात्रावास, एक बड़ा ऑडिटोरियम हॉल, आर ओ द्वारा सेंट्रलाइज्ड सिस्टम से पेयजल की व्यवस्था व पी एचडी शोध केंद्र हैं। स्नातक स्तर पर गणित समूह में गणित भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक, विज्ञान संकाय में वनस्पति शास्त्र, रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, कला संकाय में हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत, उर्दू, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, चित्रकला, मनोविज्ञान, वाणिज्य संकाय में बीकॉम प्लेन बीकॉम, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में एमएससी रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, भौतिक शास्त्र, एम ए एम ए हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, संस्कृत, एमएसडब्ल्यू एम कॉम वोकेशनल सब्जेक्ट, फर्स्ट ईयर में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, ऑर्गेनिक फार्मिंग, डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग, टूरिज्म, वर्मी कंपोस्टिंग, इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी, एमडीसी साइंस ग्रुप में बिहेवियर साइकोलॉजी, आर्ट ग्रुप में एनवायरनमेंट साइंस, कॉमर्स ग्रुप में इकोनॉमिक्स




आदि विषय उपलब्ध है।

इसी के साथ ही समय-समय पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की संगोष्ठियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिससे उनके व्यक्तित्व में विकास हो सके, पढ़ाई के अलावा भी संपूर्ण विकास के लिए अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाती है। खेलकूद के माध्यम से यहां के छात्र राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना अच्छा प्रदर्शन करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित युवाओं का निर्माण किया जाता है और यहां के छात्र छात्रा राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न नेतृत्व शिविरों में भाग लेते हैं। कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। जिससे छात्र छात्राओं को और भी अन्य गतिविधियो के माध्यम से अपनी स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रेरित किया जाता है। समय-समय पर विभिन्न विभागों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण भी आयोजित किया जाता है। एनसीसी के माध्यम से नेवी में आर्मी में और एयरफोर्स में पुलिस डिपार्टमेंट में छात्र-छात्राओं का चयन होता है जो राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहते हैं। इस संपूर्ण अभियान में त्रिलोक भवेल ओम प्रकाश सोलंकी डॉ नम्रता खुराना आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# आबकारी इन्दौर की कार्यवाही



आदित्य शर्मा

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर, श्रीमान् शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री राघवेंद्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में आज दिनांक 18.12.2025 को वृत्त - पलासिया प्रभारी प्रियंका रानी चौरसिया की टीम के द्वारा राजेंद्रनगर ए.बी. रोड से अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । आज की कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक MP09-VA-3799 से अवैध मदिरा परिवहन कर ले जाई जा रही 50 पाव देशी मसाला मदिरा एवं 100 पाव देशी प्लेन मदिरा सहित कुल 150 पाव देशी मदिरा काले बड़े ट्रैवल बेग में बरामद



की गई। आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। मदिरा वाहन सहित जप्त कर फरार आरोपी के विरुद्ध *आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 97800/- रुपए है। प्रकरण में विवेचना जारी है। आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक तरुण सिंह जाट, परमजीत कौर, ओमप्रकाश साहू तथा ड्राइवर तनिष्क का सराहनीय योगदान रहा ।

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या
अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क
प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# थाना रन्नौद पुलिस द्वारा अप.क्र. 126/24 मे 5000 रुपये के इनामी फरार आरोपी स्वर्ण प्रताप हरिऔध को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन मे अपराधों की रोकथान व फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी अनुभाग कोलारस श्री संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रन्नौद उप निरीक्षक अरविन्द सिंह चौहान और उनकी टीम द्वारा 5000 रुपये के इनामी फरार आरोपी स्वर्ण प्रताप सिंह हरिऔध को शिवपुरी मे पोहरी चौराहे से गिरफ्तार किया।

रन्नौद के रहने वाले गजेन्द्र खटीक पुत्र छोटेलाल खटीक निवासी रन्नौद ने एक टाईपशुदा आवेदन पत्र अनावेदकगण स्वर्णप्रताप सिंह हरिऔध, पुष्पेन्द्र जाटव (पवैया), हितेश मौर्य, जितेन्द्र चौरसिया के विरुद्ध फ्रोड करके से ब्रेजा गाडी पर फर्जी नंबर डालकर आवेदक को गिरवी रखकर तीन लाख रूपये लेने एवं दि. 2.6.2024 को बिना




बताये गाडी उठा ले जाकर फ्रोड करने के संबंध में प्रस्तुत किया था जो धारा 420 भादवि की परिधि में आने से थाना रन्नौद पर अपराध क्र. 126/25 धारा 420 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया है। दौराने विवेचना प्रकरण में धारा 467,468,471,379,34 भादवि ईजाफा की गई है। प्रकरण में आरोपी जितेन्द्र चौरसिया (जाटव) पुत्र वीरेन्द्र जाटव उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम हरीराम का पुरा थाना मालनपुर जिला भिण्ड की गिरफ्तारी हो चुकी है। थाना रन्नौद के अप.क्र. 126/24 धारा 420 इजाफा धारा 467, 468, 471, 379, 34 भादवि का 5000 रुपये का इनामी फरार आरोपी शिवपुरी के पौहरी चौराहे पर आने वाला है, उक्त सूचना पर से रन्नौद थाना प्रभारी की दो टीमे रवाना होकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पौहरी चौराहे पर पहुंचे। पौहरी चौराहे के पास मुखबिर द्वारा बताये गए हुलिया का खडा मिला। उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराह फोर्स के साथ घेराबंदी करके पकड लिया गया। पकडे हुए व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम स्वर्ण प्रताप सिंह हरिऔध पुत्र गणेशलाल हरिऔध निवासी डीडी नगर ग्वालियर (म.प्र.) का होना बताया। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया।



# G RAM G बिल लोकसभा में पास

## शिवराज सिंह बोले- 'अब कांग्रेस भंग कर देनी चाहिए'

मनरेगा के स्थान पर लाए गए विकसित भारत-गारंटी फार रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जीरामजी विधेयक 2025 लंबी बहस के आज लोकसभा में पास हो गया। विपक्ष को जवाब देते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने कांग्रेस पर हमला किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने योजनाओं के नाम महात्मा गांधी के ऊपर नहीं बल्कि नेहरू परिवार के नाम पर रखे गए। विपक्षी सदस्यों ने इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने पर कड़ी चिंता जताई है और सेशन के दौरान 'महात्मा गांधी का अपमान नहीं सहेगा' जैसे नारे लगाए। जहां विपक्ष नाम बदलने पर सवाल उठा रहा है, वहीं सरकार का कहना है कि यह बिल 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी देता है और गांवों का पूरा विकास करेगा।

### शिवराज सिंह का कांग्रेस पर हमला

लोकसभा में शिवराज सिंह ने कहा, "गांधी जी के नाम पर रोने वाले विपक्ष को याद रखना चाहिए कि गांधी जी ने यह भी कहा था कि अब आजादी मिल गई और कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। कांग्रेस की जगह लोक सेवक संघ बनाना चाहिए। लेकिन नेहरू जी ने सत्ता से चिपके रहने और आजादी के आंदोलन का लाभ उठाने के लिए कांग्रेस भंग नहीं की।" उन्होंने आगे कहा, "बापू जी के आदर्शों की हत्या कांग्रेस ने उसी दिन कर दी, जिस दिन कांग्रेस भंग नहीं की गई। जिस दिन इस देश का बंटवारा स्वीकार किया गया, इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया उसी दिन बापू के आदर्शों की हत्या हो गई।

### क्यों लेकर आना पड़ा नया कानून?

**नए विधेयक के बारे में बोलते हुए ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा, "हम बताना चाहेंगे कि इस नए विधेयक को लाने की जरूरत क्यों पड़ी। अपेक्षाकृत राज्यों के बीच फंड का बटवारा नहीं हो पा रहा था। मनरेगा में कई तरह की समस्याएं आ रही थीं। इस योजना में 60 प्रतिशत पैसा मजदूरी के लिए था और 40 प्रतिशत मैटेरियल के लिए था। मैटेरियल पर तो सिर्फ 26 प्रतिशत पैसा खर्च किया गया। मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया गया था।"**

## राजद सांसद मनोज झा ने राज्यसभा सांसदों को लिखा पत्र, मनरेगा को खत्म करने के कदम का किया विरोध

**नई दिल्ली , एजेंसी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने और उसकी जगह 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025' लाने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव के खिलाफ राजनीतिक हलकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इसी कड़ी में आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने गुरुवार को सभी सांसदों को एक विस्तृत पत्र लिखकर इस कदम का विरोध करते हुए इसे गरीबों के हितों पर कुठाराघात बताया है। मनोज झा ने अपने पत्र की शुरुआत गांधीजी के 'ताबीज' की याद दिलाते हुए की। उन्होंने लिखा कि हममें से कई लोगों को अपनी स्कूल की किताबों का पहला पन्ना याद होगा, जिस पर गांधीजी का ताबीज छपा था। उन्होंने हमसे कहा था कि हम उस सबसे गरीब और कमजोर इंसान का चेहरा याद रखें जिसे हमने देखा है और खुद से पूछें कि जो काम हम करने वाले हैं, क्या वह उस इंसान के लिए फायदेमंद होगा? क्या इससे उसे अपनी जिंदगी पर दोबारा कंट्रोल मिल पाएगा? उनका मानना ??था कि अगर हमारा काम इस कसौटी पर खरा उतरता है, तो सारे शक दूर हो जाएंगे। वह ताबीज पब्लिक लाइफ के हर फैसले में गाइड करने के लिए था।

मैं आज आपको उसी सिद्धांत को ध्यान में रखकर लिख रहा हूं। उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर को सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को खत्म करने और उसकी जगह विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल, 2025 लाने के लिए एक बिल पेश किया, जबकि लोकसभा में देर रात तक इस पर चर्चा हुई। मैं आपसे हमारे सदन में इस कदम का विरोध करने का आग्रह करता हूं। मनोज झा ने कहा कि यह अपील किसी पार्टी के पक्ष में नहीं है। मनरेगा 2005 में सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के समर्थन से लागू किया गया था। तब सदन ने एक साझा संवैधानिक ज़िम्मेदारी को माना था कि सम्मान के साथ काम करने का अधिकार हमारे लोकतंत्र का एक जरूरी हिस्सा है। संविधान का अनुच्छेद 41 राज्य को काम के अधिकार को सुरक्षित करने और बेरोज़गारी और ज़रूरतमंदों को पब्लिक मदद देने का निर्देश देता है। मनरेगा ने इस निर्देश को एक कानूनी गारंटी में बदल दिया। प्रस्तावित बिल उस गारंटी को खत्म कर देता है। उन्होंने कहा कि सरकार का दावा है कि नया फ्रेमवर्क 100 दिनों के बजाय 125 दिनों का काम देगा। यह दावा गुमराह करने वाला है।

## दिल्ली में पड़ोसी जिलों से आ रहा 65 प्रतिशत धुआ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में जहरीली हवा का प्रकोप जारी है। पराली जलाने का सीजन खत्म होने के बावजूद शहर की हवा खराब बनी हुई है। केंद्र के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के ताजा आंकड़ों से पता चला है कि दिल्ली के क्क2.5 प्रदूषण का करीब 65 प्रतिशत हिस्सा शहर के बाहर से आ रहा है। बुधवार के आंकड़ों में हरियाणा का झज्जर जिला दिल्ली के कुल क्क2.5 प्रदूषण में 16.5 प्रतिशत का योगदान दे रहा था। यह दिल्ली के अपने ट्रांसपोर्ट सेक्टर के योगदान (16.3 प्रतिशत) से भी ज्यादा है। झज्जर अकेला दिल्ली की हवा को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। अन्य एनसीआर जिलों का भी बड़ा हिस्सा झज्जर के अलावा रोहतक ने 5.06 प्रतिशत, भिवानी ने 3.59 प्रतिशत और सोनीपत ने 2.84 प्रतिशत योगदान दिया। कुल मिलाकर पड़ोसी एनसीआर जिलों से करीब 30 प्रतिशत प्रदूषण दिल्ली पहुंच रहा है। इसके अलावा 34 प्रतिशत प्रदूषण अन्य स्रोतों से आ रहा है, जो मुख्य रूप से दिल्ली के बाहर के हैं। पराली जलाने का योगदान सिर्फ 0.17 प्रतिशत रहा। क्या है प्रदूषण का सबसे बड़ा विलेन? विशेषज्ञों के अनुसार झज्जर में दो बड़े कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट प्रमुख कारण हैं। रोहतक, भिवानी और सोनीपत में छोटे-मध्यम उद्योगों के क्लस्टर भी प्रदूषण बढ़ा रहे हैं।

पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने पर यह धुआं सीधे दिल्ली पहुंच जाता है। एनवायरनमेंट एक्सपर्ट सुनील दहिया ने कहा, बड़े स्रोत जैसे पावर प्लांट अभी भी सक्रिय हैं और दिल्ली की हवा पर असर डाल रहे हैं। आने वाले दिनों में स्थिति और खराब ष्ठस्र की भविष्यवाणी के मुताबिक झज्जर का योगदान बढ़ सकता है। गुरुवार को 16.2 प्रतिशत, शुक्रवार को 18.2 प्रतिशत और शनिवार को 22.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। वहीं दिल्ली का ट्रांसपोर्ट सेक्टर 15 से 17 प्रतिशत के बीच रहेगा। दिल्ली और आसपास की इंडस्ट्रीज का योगदान बुधवार को सिर्फ 8 प्रतिशत था। सरकार की कार्रवाई तेज केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार उच्चस्तरीय बैठकें कर रहे हैं। फोकस रोड डस्ट, कचरा प्रबंधन, पुरानी गाड़ियों और नियम तोड़ने वाली इंडस्ट्रीज पर है। विशेषज्ञ दीपांकर साहा ने कहा कि सीमा पार प्रदूषण साल भर रहता है, लेकिन सर्दियों में धुंध और नमी के कारण यह ज्यादा गंभीर हो जाता है।

# इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों को हो रही असुविधा पर चर्चा

इंदौर।एयरपोर्ट पर यात्रियों को हो रही लगातार परेशानियों और बढ़ते यात्री दबाव को लेकर सांसद शंकर लालवानी ने बुधवार को नई दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में एयरपोर्ट से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। सांसद लालवानी ने इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों को रोजमर्रा में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को एक-एक कर मंत्री के सामने रखा। सांसद लालवानी ने बताया कि इंदौर एयरपोर्ट पर पार्किंग एरिया में लगातार भीड़ बनी रहती है। पार्किंग के बाद टर्मिनल में प्रवेश के दौरान विशेष रूप से सुबह के समय लंबी कतारें लग जाती हैं, क्योंकि एक ही समय पर कई फ्लाइट्स का शेड्यूल रहता है। इसके अलावा सुरक्षा जांच के दौरान भी यात्रियों को काफी देर तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे असुविधा बढ़ जाती है।

उन्होंने यह भी बताया कि जब एक साथ कई फ्लाइट्स आती हैं, तब एयरपोर्ट के वेटिंग एरिया में यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं रहती। इसका सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है, जिन्हें खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है। बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि एयरपोर्ट पर रात के समय चल रहे रनवे के कारपेटिंग कार्य के कारण कई बार फ्लाइट संचालन प्रभावित होता है और देरी की स्थिति बनती है। साथ ही एयरपोर्ट परिसर में सीमित जगह होने के बावजूद अलग-अलग ऑफिस स्पेस विकसित किए जाने से ऑपरेशनल एरिया कम हो रहा है, जबकि यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत है।

सांसद लालवानी ने सुझाव दिया कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इंदौर एयरपोर्ट के डेवलपमेंट प्लान में यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट पर उपलब्ध स्थान का बेहतर और व्यावहारिक उपयोग करते हुए पार्किंग, वेटिंग एरिया, सिक्योरिटी चेक और टर्मिनल एंट्री जैसी सुविधाओं को मजबूत किया जाना चाहिए। नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट अथॉरिटी के ऑपरेशन डायरेक्टर और प्लानिंग डायरेक्टर स्वयं अगले सप्ताह इंदौर का दौरा करें। वे स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर मौके पर सभी व्यवस्थाओं का अध्ययन करेंगे।